राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**

**prrajbhavanbihar@gmail.com**

मोबाईल–9431283596


## प्रेस–विज्ञप्ति

## महामहिम राज्यपाल ने शक्तिपीठ माता पटनदेवी की पूजा–अर्चना की

**पटना, 02** जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज शक्तिपीठ माता पटनदेवी की पूजा–अर्चना की तथा समस्त बिहारवासियों की सुख–समृद्धि एवं शांति की मंगलकामना की।

राज्यपाल ने शक्ति की आराध्या माता पटनदेवी की पूजा–आराधना करने के बाद कहा कि सभी धर्म हमें आध्यात्मिक उन्नयन तथा मानव–कल्याण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने शुभकामना व्यक्त की कि पटनदेवी माता की कृपा से समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों में भाईचारा, प्रेम, सुख–शांति और सद्भावना का विकास होगा तथा बिहार और पूरा देश तेजी से विकास करेगा। पूजा–अर्चना के दौरान राज्यपाल के परिसहाय श्री राकेश दूबे भी साथ थे।

............................................